Email Id-
cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No.
9151919684

# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, बलरामपुर

झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

पत्रांक: 991 /एमपी6/ 22 दिनांक: 22/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः** दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांकः 21.06.2026 को प्रकाशित खबर " बरदौलिया के ग्रामीण अब भी शुद्ध पेयजल से वंचित" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांकः 21.06.2026 को प्रकाशित खबर " बरदौलिया के ग्रामीण अब भी शुद्ध पेयजल से वंचित" शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के कम में जांच आख्या निम्नवत् है–

| क0 सं0 | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 01 | हरैया सतघरवा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। ग्राम पंचायत बरदौलिया में ये योजना अब तक पूरी तरह धरातल पर नहीं उतर सकी है। योजना के तहत गांव में प्रस्तावित पानी का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जबकि पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। इसके चलते ग्रामीणों को आज भी पेयजल के लिए हैंडपम्पों और अन्य पारम्परिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र हार्ड एरिया होने के कारण यहां भू–जल स्तर अपेक्षाकृत गहरा है।<br>ऐसे में अधिकांश हैंडपम्प कम गहराई पर स्थापित होने के कारण गर्मी के मौसम में जवाब देने लगते हैं। गांव के तेज बहादुर पांडेय, अजय कुमार, शिव कुमार, मोहम्मद रफीक और राज बहादुर ने बताया कि कई हैंडपम्प 25 से 30 फीट की गहराई तक ही लगाए गए हैं। गर्मी बढ़ने के साथ जलस्तर नीचे चला जाता है, जिससे कई हैंडपम्प सूख जाते हैं और लोगों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कम गहराई वाली बोरिंग के कारण कई स्थानों पर नलों से दूषित पानी निकल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि यदि जल जीवन मिशन का कार्य समय से पूरा हो जाए ताकि गांव के हजारों लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य में तेजी लाने व जल्द से जल्द जलापूर्ति शुद्ध कराने की मांग की है। | प्रकाशित समाचार विकास खण्ड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत बरदौलिया सम्बन्धित है। कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा विकास खण्ड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत बरदौलिया को पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना है। बरदौलिया पेयजल योजना पर वर्तमान तक फर्म द्वारा किये गये कार्यों की स्थिति निम्नवत् है–<br>1. ग्राम पंचायत का नाम– बरदौलिया<br>कुल सम्मिलित राजस्व ग्राम– 04<br>2. कुल हाउस कनेक्शन की संख्या– 779<br>पूर्ण किये गये हाउस कनेक्शन की संख्या–320<br>3. ट्यूबवेल– शत प्रतिशत पूर्ण<br>4. पम्प हाउस– शत प्रतिशत पूर्ण<br>5. सोलर पैनल अधिष्ठापन – शत प्रतिशत पूर्ण<br>6. अवर जलाशय –(250कि0ली0/18 मी0) स्लैब लेवल तक (जिंक एलम टैंक के अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर)<br>7. वितरण प्रणाली–<br>कुल लम्बाई– 13323 मीटर<br>पूर्ण – 12050 मीटर<br>8. बाउण्ड्रीवाल– शत प्रतिशत पूर्ण<br>9. मार्ग पुनर्स्थापना का कार्य – 80 प्रतिशत पूर्ण<br>बरदौलिया पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत ओ0एच0टी0 के जिंक एलम टैंक के अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। 1273 मीटर पाइप लाइन का कार्य अधूरा है। सम्बन्धित फर्म द्वारा पाइप लाइन का कार्य लगाने के बाद गांव के कुछ लोगों के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी महोदय को सम्बन्धित लेखपाल को पुनः पैमाइश करने हेतु अनुरोध किया गया है। जल्द ही पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर योजना से नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।<br>फोटोग्राफ–संलग्नक 01 |

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता


पृ0सं0 / / दिनांक / /2026


प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0, खण्ड कार्यालय, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CS CamScanner



फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(बरदौलिया पाइप पेयजल योजना, वि0ख0 हरैया सतघरवा, जनपद–बलरामपुर)